THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) and (b). Yes, Sir. On an invitation from Shri Mohammad Tayyab, President, Darul Uloom, Deoband (Saharanpur), Prime Minister inaugurated the centenary celebrations of Darul Uloom on 21st March, 1980 at Deoband and not in New Delhi.

Centenary celebrations of the Darul Uloom, the renowned Islamic Educational Centre at Deoband, Uttar Pradesh, commenced on the 21st March, 1980. The celebrations were also accompained by a convocational conference of scholars which was being held at Deoband after a lapse of 70 years. About 6.000 foreign delegates from several Islamic countries attended these celebrations.

परिवार नियोजन लक्ष्यों की उपलब्धि

1309. **श्री भगवान देव** : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1977-78, 1978-79 और 1979-80 के दौरान, राज्यवार, परिवार नियोजन लक्ष्यों की उपलब्धि का प्रतिशत क्या रहा ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान जनसंख्या में राज्यवार, कितने-प्रतिशत वृद्धि हुई ;

(ग) चालू वर्ष के दौरान, राज्यवार, परिवार नियोजन के लक्ष्य क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार इस वर्ष के दौरान अब तक प्राप्त किए गए लक्ष्यों से सन्तुष्ट है ?

स्वास्थ्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लास्कर) :

(क) 1977-78, 1978-79 और 1979-80 की अपेक्षित सूचना सभा पटल पर रखे गये विवरण एक से तीन में दी गई है । [ग्रन्थालय में रखा गया । **देखिये** संख्या एल. टी-937/803]

(ख) 1977, 1978, 1979 तथा 1980 की अनुमानित जनसंख्या और 1977-78, 1978-79 तथा 1979-80 की वृद्धि दरें सभा पटल पर रखे विवरण चार में हैं। [ग्रन्थालय में रखा गया । **देखिये** संख्या एल. टी-937/80] ये भारत के महापंजीयक की अध्यक्षता में योजना आयोग द्वारा नियुक्त जनसंख्या प्रोजेक्शनों की विशेषज्ञ समिति द्वारा तैयार किये गये प्रोजेक्शनों पर आधा-रित हैं।

(ग) और (घ). 1980-81 के लिये परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों के राज्यवार लक्ष्य और अप्रैल, 1980 के महीने की उपलब्धि, जिसके आंकड़े अनन्तिम हैं, का एक विवरण पांच सभा पटल पर रखा है । [ग्रन्थालय में रखा गया । **देखिये** संख्या एल. टी-937/80] यह विवरण अप्रैल, 1980 के लक्ष्यों की प्रतिशत उपलब्धि भी दर्शाता है । इस विवरण में यह देखा जा सकता है कि अप्रैल, 1980 में 27 प्रतिशत आनुपातिक नसबंदी आपरेशन के लक्ष्य, 46 प्रतिशत लूप निवेशन के लक्ष्य, 24 प्रतिशत प्रचलित गर्भनिरोधकों के लक्ष्य तथा 7 प्रतिशत मुखसव्य गोलियों के उपयोगकर्ताओं के लक्ष्य प्राप्त किये गये हैं । वैसे, चालू वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति के बारे में कुछ कहने के लिए पहले महीने का कार्य ही काफी नहीं है । पिछले अनुभव से पता चलता है कि यह कार्य वर्ष के बीतने के साथ-साथ बढ़ता जाता है ।

31 दिसम्बर, 1979 को रद्द रेल गाड़ियां

1310. **श्री भगवान देव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1979 को कितनी रेलगाड़ियां रद्द की गयीं;

(ख) जनवरी 1980 से ऐसी कितनी रेलगाड़ियों को पुन: चलाया गया ; और

(ग) शेष रेलगाड़ियों को कब तक पुन: चलाए जाने की संभावना है ; और उनकी संख्या क्या है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) से (ग). 31-12-79 को सभी रेलों पर 181 जोड़ी गाड़ियां रद्द थीं जिनमें से 151 जोड़ी गाड़ियां फिर से चलायी जा चुकी हैं तथा कम यातायात होने के कारण 22 जोड़ी गाड़ियों को स्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है । जैसे-जैसे स्थिति में सुधार होगा, बिजली की कमी, बिजली में कटौती के कारण इंजनों के अनुरक्षण में कठिनाई, पानी की कमी, समुद्री तूफान से पीड़ित क्षेत्रों में इंजीनियरी कार्य आदि